AKHIL BHARTIYA PRAJAPATI (KUMBHKAR) MAHASANGH (REGD)
(Regd.No.S/67804/Delhi)
अखिल भारतीय प्रजापति (कुंभकार ) महासंघ (रजि.)

**Regd. Office**
IX/5232,Subhash Mohalla, ,
Gandhi Nagar,Delhi-110031

**Head Office**
A/12,4th floor,Malad Yojna CHS Ltd
SV Road, Malad (West),Mumbai-400064
Mob. (+91) 9930477730
Web. : www.abpkmahasangh.net
E/Mail : abpkmahasangh.2009@gmail.com
Whats App No.9969640819

| RBK Prajapati | CA Manoj Prajapat | Bherulal Prajapati |
|---|---|---|
| National President | National Chief General Secretary | National Treasurer |
| 9930477730 | 8269048009 | 9892545805 |

# मीटिंग वृतांत

## दिनांक 25 जून 2023 को उज्जैन ( म.प्र.) में संपन्न राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की मीटिंग के वृतांत

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की उपरोक्त मीटिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री आर बी के प्रजापति** की अध्यक्षता में संपन्न हुई और कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय मुख्य महा सचिव **श्री मनोज प्रजापत सी ए** द्वारा किया गया I

**सर्वप्रथम** मीटिंग में शामिल होने के लिये देश के विभिन्न भागों से आये हुये समाज के प्रतिष्ठित एवं आदरणीय विभूतियों एवं महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों को **श्री मनोज प्रजापत सी ए** द्वारा मंच पर आमंत्रित किया गया I इसके अलावा इस अवसर पर पधारे हुये आदरणीय स्वामी ...एवं "प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्था " से बहन ऊषा जी को भी उनके प्रति उचित सम्मान व्यक्त करते हुये मंच पर आमंत्रित कर उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया I
इसके उपरांत श्री मनोज प्रजापत जी ने इन विशिष्ट विभूतियों एवं वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत किया और बैठक में शामिल होने के लिये देश के विभिन्न भागों से पधारे हुये "राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति" के सदस्यों का भी स्वागत किया और मीटिंग में शामिल होने के लिये उनके प्रति आभार व्यक्त किया I

### 1. दीप प्रज्वलन कार्यक्रम :

कार्यक्रम की शुरुवात करते हुये **श्री मनोज प्रजापति** जी के आवाहन पर मंच पर उपस्थित प्रतिष्ठित एवं आदरणीय विभूतियों एवं वरिष्ठ सदस्यों द्वारा द्वारा दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया और इसके साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया I

### 2. विशिष्ट विभूतियों द्वारा सदस्यों का उद्बोधन एवं महासंघ के प्रति आशीर्वाद एवं संदेश:

सर्वप्रथम **श्री मनोज प्रजापति** जी द्वारा **आदरणीय स्वामी शांति स्वरूपानंद जी** के प्रति आभार प्रकट करते हुये उनके हृदय में प्रजापति समाज के प्रति गहन लगाव की चर्चा करते हुये उनसे मीटिंग में उपस्थित सदस्यों को आशीर्वाद एवं मार्ग दर्शन देने की प्रार्थना की I

इसके उपरांत श्री स्वामीजी ने उज्जैन नगरी के महाकाल प्रांगण से प्रजापति समाज द्वारा समाज के सभी अंगों के प्रति समर्पित सेवाभाव की प्रशंसा करते हुये कुंभकार शब्द की सरल भाषा में व्याख्या की एवं उन्हें अपनी महत्ता समझने की आवश्यकता पर बल देते हुये प्रजापति समाज के कल्याण के लिये शुभकामना दी I

इसके उपरांत श्री मनोज प्रजपति जी के आग्रह पर महिला सदस्यों द्वारा प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी बहन ऊषाजी का सम्मान किया गया I इसके उपरांत श्री मनोज प्रजापत के आग्रह पर बहन ऊषाजी ने सदस्यों को संबोधित किया और उन्हें महासंघ के प्रति शुभ कामनाएं व्यक्त की I

## 3. **वर्ष 2022-23 की बैलेंस शीट एवं आय व्यय का विवरण और अनुमोदन**:

श्री मनोज प्रजापत के अनुरोध पर श्री भेरुलाल प्रजापति , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने वर्ष 2022 -23 का आय व्यय का विवरण एवं बैलेंस शीट प्रस्तुत करते हुये आय एवं व्यय का विस्तृत विवरण दिया I उन्होंने बैठक में उपस्थित सदस्यों से आवाहन किया कि महासंघ की गतिविधियों के सुचारुरूप से संचालन के लिये आवश्यक आर्थिक सहयोग करें I उन्होंने महासंघ द्वारा अहमदाबाद में निर्मित आरोग्यधाम एवं कोटा में महिला छात्रावास के निर्माण के लिये किये गए आर्थिक सहयोग का भी जिक्र किया I

श्री मनोज प्रजापति के अनुरोध पर सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर बैलेंस शीट , आय व्यय एवं अन्य विवरणों को सर्वसम्मति से पारित किया।

## 4. **उत्कृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों के लिये सम्मान**:

महासंघ की प्रगति एवं उसको सुद्रढ़ बनाने की दिशा में अधिक संख्या में आजीवन सदस्य बनाने के लिये निम्न सदस्यों को श्री आर बी के प्रजापति , राष्ट्रीय अध्यक्ष ,द्वारा मंच पर बुलाकर उनका सम्मान किया गया I श्री मनोज प्रजापत जी ने अन्य सदस्यों से भी आग्रह किया कि वे भी ज्यादा से ज्यादा आजीवन सदस्य बनाकर महासंघ को मजबूत बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें I

1. श्री अमित प्रजापति कानपूर ( यू पी )
2. श्री लच्छन प्रसाद प्रजापति
3. श्री राधेश्याम पटवारी ,नीमच (एम पी )
4. श्री विष्णु प्रजापत ,इंदौर (एम पी )

## 5. देहरादून (उत्तराखंड) मीटिंग के वृतांत का अनुमोदन :

**श्री मनोज प्रजापति** जी ने 4/5 जून 2022 को देहरादून ( उत्तराखंड) में संपन्न राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की मीटिंग के दौरान लिये गये प्रमुख प्रस्ताओं को पारित करने के लिये सदस्यों के समक्ष उन्हें प्रेषित किया I

## अखिल भारतीय प्रजापति वेलफेयर फ़ाउंडेशन :

श्री मनोज जी प्रजापत ने अखिल भारतीय प्रजापति वेलफेयर फ़ाउंडेशन के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि देहरादून में संपन्न पिछली कार्यकारिणी मीटिंग में सदस्यों द्वारा फाउंडेशन के लिये रु 5 लाख के आर्थिक सहयोग की घोषणा की गई थी और अब उनका लक्ष्य इसे रु 50 लाख तक ले जाना है I इसके उपरांत श्री मनोज जी ने देहरादून मीटिंग में पारित प्रस्ताओं के अनुमोदन के लिये सभी सदस्यों से इन्हें अनुमोदित करने का आग्रह किया I इन प्रस्ताओं को नीचे दिया जा रहा है I

### प्रस्ताव क्र. 1:

“अखिल भारतीय प्रजापति वेलफेयर फ़ाउंडेशन “ द्वारा समाज के जरूरतमंद और होनहार बच्चों की शिक्षा के लिए ब्याज मुक्त कर्ज देने का प्रस्ताव प्रेषित किया जाता है I यह राशि छात्र अपनी शिक्षा पूरी होने के बाद ट्रस्ट को वापस करेंगे I इस आर्थिक अनुदान को देते समय महासंघ का कोई जिम्मेदार सदस्य गारंटी लेगा I इस प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिये एक समिति का गठन किया जायेगा I”

**प्रस्ताव क्र.2:-**
"अहमदाबाद (गुजरात ) के सिविल हॉस्पिटल में बाहर से इलाज के लिए आने वाले समाज के मरीजों एवं उनके रिश्तेदारों को ठहरने के लिए सिविल हॉस्पिटल के सामने " **सर्व प्रजापति आरोग्य सदन ( धर्मशाला )** " का निर्माण किया गया है। इस धर्मशाला के निर्माण के लिये महासंघ की तरफ से रु5 लाख का सहयोग करने का प्रस्ताव है।

**प्रस्ताव क्र.3:-**
"अखिल भारतीय प्रजापति (कुंभकार) महासंघ द्वारा कोटा (राजस्थान) में प्रजापति समाज की छात्राओं के लिये प्रस्तावित महिला छात्रावास निर्माण के लिये के लिए 10 लाख रूपये का आर्थिक सहयोग करने का प्रस्ताव है।"

**प्रस्ताव क्र.4:-**

**श्री मनोज प्रजापत** जी ने अखिल भारतीय प्रजापति वेलफेयर फ़ाउंडेशन की पूंजी रु 50 लाख तक ले जाने का प्रस्ताव रखा I

**प्रस्ताव क्र. 5:**
अखिल भारतीय प्रजापति (कुम्भकार) महासंघ का मुख्य कार्यालय मुंबई (महाराष्ट्र) में स्थित है Iइसी तरह से महासंघ का एक कार्यालय देश की राजधानी दिल्ली में भी होना चाहिए I

**प्रस्ताव क्र. 6:**
अगर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्रावास एवं धर्मशाला बनाने के लिये जमीन आवंटित की जाती है तो श्री भवरलाल पॉटर , प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान द्वारा निर्माण कार्य के लिये रु 51 लाख का सहयोग किया जायेगा I इसी तरह से महासंघ द्वारा भी निर्माण कार्य के लिये रु 10 लाख का सहयोग दिया जायेगा I

**प्रस्ताव क्र. 7:**
किसी भी प्रदेश में अगर प्रदेश सरकार द्वारा लड़के या लड़कियों के छात्रावास के लिये जमीन आवंटित की जाती है तो उसके निर्माण के लिये महासंघ रु 10 लाख का अनुदान देगा I

**श्री मनोज प्रजापत** जी ने सभी सदस्यों से उपर्युक्त प्रस्ताओं को पारित करने का अनुरोध किया और सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इन्हें पारित किया I

## 6. विचारमंथन , सुझाव एवं परिचर्चा :

**श्री मनोज प्रजापत** जी ने मंच पर उपस्थित विशिष्ट एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों को महासंघ की कार्यप्रणाली एवं प्रगति के संबंध में अपने अपने विचार एवं सुझाव रखने का अनुरोध किया I इस विषय पर निम्न सदस्यों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये I

### श्री दिनेश अनावाडिया , सांसद राज्य सभा :
श्री दिनेश अनावाडिया जी ने कहा कि महासंघ देश का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है लेकिन देश में प्रजापति समाज की विशाल संख्या की तुलना में महासंघ में पंजीकृत सदस्यों की संख्या कम है I उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्षजी से सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिये एक व्यवस्थित कार्यक्रम बनाने का आग्रह किया I उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी ने मुझे राज्य सभा का सदस्य बनाकर अपने समाज के लोगों की सेवा करने का अवसर प्रदान किया है इसके लिये वे श्री मोदीजी, श्री अमित शाहजी एवं श्री नड्डाजी के शुक्रगुजार हैं I इस तथ्य को ध्यान में रखते हुये उन्होंने समाज के सदस्यों की सहायता करने का निश्चय किया है I उन्होंने सदस्यों से समाज में ज्यादा से ज्यादा शिक्षा प्रसार पर ध्यान देने का आग्रह किया I उन्होंने समाज के विभिन्न घटकों एवं संगठनों से " **सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम** "(Common Minimum Program) के आधार पर संगठित होने का आग्रह किया I

### श्री गोविंदभाई प्रजापति, पूर्व विधायक (गुजरात):

श्री गोविंदभाई प्रजापति जी ने आश्चर्य व्यक्त करते हुये बताया कि देश में लगभग 800 विभिन्न नामों से प्रजापति समाज के संगठन कार्य कर रहे हैं लेकिन वे एक दुसरे से संवाद नहीं करते हैं I उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि हम सभी को इस दिशा में पहल करके सभी संगठनों को एक साथ लाने की कोशिश करनी चाहिए I हम सभी को देश में यथोचित राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये हर चुनाव में 2/3 एम. पी. और एम .एल .ए . जीत कर लाने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए I

### श्री प्रमेन्द्र शेट, विधायक गोवा विधान सभा :

श्री प्रेमेन्द्र शेट जी ने बताया कि मैं गोवा विधान सभा के वर्तमान विधायक के रूप में अपने समाज के सदस्यों के मध्य उपस्थित होकर बहुत ही प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ I उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया की अपने अपने प्रदेशों में ज्यादा से ज्यादा एम. पी. और एम .एल .ए . चुनने का प्रयत्न करें I उन्होंने महासंघ की प्रगति के लिये शुभकामना दी I

**श्री मांगीलाल रेडवाल, प्रदेश अध्यक्ष म.प्र.:**

श्री मांगीलालजी ने कहा कि हमें राजनैतिक क्षेत्र में हमर देय हिस्सा मिलना चाहिये I उन्होंने सुझाव दिया कि हमें राजनैतिक दलों के समक्ष अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुये उनसे अपने देय हिस्सा की मांग करना चाहिये I उन्होंने समाज के विभिन्न घटकों से एक साथ आने का आग्रह किया I

**श्री एम. शिवानंद ,प्रदेश अध्यक्ष तेलंगाना :**

श्री **एम. शिवानंद जी** ने राष्ट्रीय स्तर पर माटी कला बोर्ड गठित करने की मांग की Iइसके अलावा उन्होंने राजनैतिक क्षेत्र में गतिशीलता बढ़ाने के लिये राजनैतिक मार्च आयोजित करने का सुझाव दिया और इस तरह राजनैतिक दलों के समक्ष अपनी शक्ति प्रदर्शित करने की बात पर जोर दिया Iउन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में छात्रावास बनाने की परिकल्पना का समर्थन किया I उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व से सदस्यता शुल्क का कुछ हिस्सा प्रदेशों को भी देने का आग्रह किया I

**एड. शशिकुमार , प्रदेश अध्यक्ष केरला :**

श्री शशि कुमार ने कुम्भकार सामल योजना (KSY) के बारे में प्रकाश डालते हुये सभी सदस्यों से इस योजना के अंतर्गत निहित कार्यक्रमों को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुद्रढ़ बनाने का आग्रह किया I उन्होंने आगे बताया कि केरल राज्य में इस योजना के अंतर्गत अभी तक 100 मशीन दी गई हैं I इस बारे में सदस्यों ने प्रशिक्षण ले लिया है लेकिन अभी तक मशीने नहीं दी गई हैं I उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व से इस बारे में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया I उन्होंने केरल राज्य में समाज के मध्य शिक्षा की प्रगति के बारे में जानकारी दी I उन्होंने केरल प्रदेश से 22 सदस्यों के ग्रुप के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर बी के प्रजापति, मुख्य राष्ट्रीय महा सचिव श्री मनोज प्रजापत एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री भेरुलाल का मंच पर शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया I सभी सदस्यों ने केरल टीम का धन्यवाद किया I

**श्री अनय्या कुलाल कर्नाटक :**

श्री ऐना कुलाल ने बताया कि कर्नाटक राज्य में प्रजापति सदस्यों की संख्या 25 लाख है लेकिन फिर भी हमें राजनैतिक क्षेत्र में देय हिस्सा नहीं प्राप्त हुआ है I उन्होंने कहा कि वह केरल टीम को सपोर्ट करते हैं और राजनैतिक क्षेत्र में अधिक से अधिक भागीदारी के लिये उठाने वाले प्रयत्नों की सराहना करते हैं I

**श्री नन्द लाल प्रजापति , राष्ट्रीय महा मंत्री :**

श्री नन्दलाल जी ने सदस्यों को संबोधित करते हुये कि सदस्यों को अपने पद के अनुरूप महासंघ की प्रगति के लिये कार्य करना चाहिए I उन्होंने आगे बताया कि कोटा शहर में बाहर से आने वाले समाज के छात्रों की सहायता के लिये हमेशा तैयार रहते हैं I उन्होंने सदस्यों को सूचित किया कि अगर किसी छात्र को कोटा शहर में रहने, कोचिंग इंस्टिट्यूट में दाखिला एवं फीस या अन्य कोई समस्या हो तो तुरंत उनसे संपर्क कर सकते हैं I उन्होंने इस बारे में यथासंभव सहायता करने की घोषणा की I

**श्री राहुल रॉय , प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) :**

श्री राहुल रॉय जी ने कहा कि वे राजनैतिक दल कांग्रेस से जुड़े हुये हैं और इस विषय से संबंधित किसी भी तरह के समस्या की होने पर वह सहायता करने को हमेशा तैयार हैं i उन्होंने सुझाव दिया कि समाज की इस तरह की बैठकों में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित करना चाहिए और उनसे उनके दल की तरफ से अपने समाज की यथासंभव भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये बात करनी चाहिए Iउन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में कांग्रेस से टिकट मांगने वाले सदस्यों की यथासंभव सहायता की जाएगी I

**ऊषा प्रजापति ( उत्तर प्रदेश ):**

ऊषा प्रजापति ने केंद्रीय नेतृत्व , सांसद ,एवं देश के विभिन्न भागों से पधारे हुये सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन व्यक्त किया I उन्होंने विशेषकर महिलाओं से ऐसे आयोजनों में शामिल होने का आग्रह किया I उन्होंने कहा कि जब ऐसे अवसरों पर महिलाएं हिस्सा लेती हैं तो अन्य महिलाओं से मेल मिलाप करते हुये वे एक विशेष तरह की जागुरुक्ता एवं सशक्तिकरण का अनुभव करती हैं I उन्होंने महिलाओं में शिक्षा का प्रचार प्रसार करने की आवस्यकता पर बल दिया I

**श्री राजकुमार उदयवाल (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष , युवा विंग ):**
श्री राजकुमार उदयवाल जी ने समाज के सदस्यों से कहा कि अगर आपको राजनैतिक क्षेत्र में देय भागीदारी चाहिए तो आपको प्रत्येक समाज के लोगों से संपर्क करना पड़ेगा I उन्होंने आगे कहा कि कोई भी राजनैतिक दल हमें सिर्फ हमारे समाज की संख्याबल पर टिक़ट नहीं देगा I हमें अन्य जाती के लोगों को भी साथ में लेकर चलना होगा I उन्होंने यह भी कहा कि हमारे सदस्यों को अन्य धंधों को भी अपनाना चाहिए I

**श्री लुनचंद सिनावाडिया, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष:**
श्री लुनचंद सिनावाडिया जी ने कहा कि हमें शिक्षा के प्रसार पर ध्यान देने की आवश्यकता है i इसके लिये पर्याप्त मात्रा में छात्रावासों की आवश्यकता है I इस समस्या के निराकरण के लिये उन्होंने सुझाव दिया कि अगर हमारे पास लगभग 8000 पंजीकृत सदस्य हैं और उनसे 100 रुपये प्रतिमाह की दर से इकठ्ठा किया जा सक़ता है तो इसे इकठ्ठा करने में कोई विशेष परेशानी नहीं होनी चाहिए i इसके लिये महासंघ का बैंक खाता की जानकारी सभी सदस्यों के मध्य दी जा सकती है और इच्छुक सदस्य यह धनराशि सीधे बैंक खाते में भेज सकते हैं I

## 7. आदरणीय श्री कैलाश विजय वर्गीया, राष्ट्रीय महासचिव बीजेपी एवं मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव जी द्वारा सदस्यों को संबोधन :

### श्री कैलाश विजय वर्गीया, राष्ट्रीय महासचिव , बीजेपी :

श्री कैलाश विजय वर्गीया जी ने महासंघ को इतनी ऊंचाई तक ले जाने के लिये हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर बी के प्रजापति की प्रशंसा की I उन्होंने महासंघ एवं सदस्यों की भी प्रशंसा करते हुये महासंघ की प्रगति के लिये हर संभव सहायता देने का आश्वासन श्वासन आश्वासन दिया I उन्होंने पूर्व में मध्य प्रदेश के सदस्यों पर लगाये गये जुर्माने को निरस्त कराने का भी जिक्र किया और भविष्य में भी इसी तरह सहायता देने का आश्वासन दिया I उन्होंने महासंघ की प्रगति एवं इसके द्वारा किया जाने वाले सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुये इसके प्रति अपनी शुभकामनायें व्यक्त की I

### श्री मोहन यादव , उच्च शिक्षा मंत्री , म. प्र. सरकार :
श्री मोहन यादवजी ने महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में आमंत्रित करने के लिये आयोजकों को धन्यवाद दिया I उन्होंने कहा कि उज्जैन शहर में स्कूल , कॉलेज या छात्रावास बनाने के लिये रियायती दरों में जमीन आवंटित कराने का आश्वासन दिया I उन्होंने अन्य प्रान्तों से पधारे हुये सदस्यों को भी महाकाल के उज्जैन शहर में शैक्षणिक संस्था या धर्मशाला बनाने के लिये भी रियायती दरों में जमीन आबंटित कराने का आश्वासन दिया I

## 8. खादी ग्राम उद्योग आयोग (KVIC ) द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कुम्भकार स्वावलंबन योजना (KSY) आदि के बारे में परिचर्चा :

उपर्युक्त विषयों पर चर्चा एवं विचार गोष्ठी के लिये '**खादी ग्राम उद्योग आयोग"** से संबंधित पूर्व अधिकारीयों को आमंत्रित किया गया था I इन अधिकारीयों ने KVIC द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं मिटटी के बर्तनों की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया I इस परिचर्चा का संछिप्त विवरण निम्न प्रकार से है I

**श्री राजीव खन्ना जी :**

श्री राजीव खन्नाजी , पूर्व अधिकारी , खादी और ग्राम उद्योग आयोग (KVIC) ने क्विक के अंतर्गत चलने वाली योजना " कुम्हार शशक्तिकरण योजना " (KSY) योजना के बारे में चर्चा की I उन्होंने बताया कि यह योजना KVIC , जो कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 1957 में स्थापित की गई थी , से संबंध योजना है I इस योजना का मुख्य उद्देश्य पॉटरी ( मिटटी के बर्तन ) उद्योग से जुड़े हुये प्रजापति समाज के लोगों को आत्म निर्भर बना कर उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाना है I यह योजना **"प्रधान मंत्री रोजगार कार्यक्रम " (PMEGP)** का एक हिस्सा है जिसमें 4% की रियायती दर पर ऋण प्रदान किया जाता है I

इस योजनाका प्रारूप निम्न रूप में है ,

1. आधुनिक यंत्र जैसे बिजली से चलने वाले चाक आदि प्रदान कर उनसे संबंधित प्रशिक्षण देना
2. स्थानीय क्षेत्र के लोगों से उत्पाद के बारे में प्रचार एवं प्रसार करना ,
3. उत्पाद की आपूर्ति के लिये रेलवे जैसे उपक्रमों के साथ समझौता,
4. उपयुक्त बाज़ार की व्यवस्था,
5. स्वयं की उद्पादक यूनिट के लिये रियायती दर पर आवश्यक पूंजी मुहैया कराना

उन्होंने सभी सदस्यों से इस योजना से जुड़ने के लिये आवाहन किया I

**श्री एस पी मिश्रा जी :**

श्री एस पी मिश्रा जी , जो कि KVIC के पूर्व अधिकारी हैं , वर्तमान में " **महात्मा गाँधी ग्रामीण औद्योगिक संस्था ,वर्धा (महाराष्ट्र) "** में **वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी ( ग्रामीण शिल्पकला एवं अभियांत्रिकी )** के पद पर कार्य कर रहे हैं, ने भारतीय लाल मिटटी से उत्पाद ( टेराकोटा) से संबंधित विभिन्न विषयों पर शोध किया है , जैसे

1. भारत में टेराकोटा उद्योग की कल्पना, प्रचार प्रसार एवं वर्तमान स्थिति ,
2. इस उद्योग में प्रयुक्त होने वाली प्राचीन पद्धति ,
3. इस उद्योग में प्रयुक्त होने वाली लाल मिटटी की उपलब्धता ,
4. उद्योग में प्रयुक्त होने वाले कच्चे सामान की उपलब्धता ,
5. उत्पाद की खपत के लिये उपलब्ध अवसर एवं बिक्री व्यवस्था ,
6. प्लास्टिक जैसे अन्य उत्पादों से स्पर्धा

**श्री एस पी मिश्रा जी** ने इस उद्योग से जुडी हुई समस्याओं एवं उनके निराकरन के लिये गहन शोध किया है I उन्होंने इससे संबंधित निम्न समस्याओं को उजागर किया है I

1. इस उद्योग से जुड़े हुये प्रजापति (कुम्हार) समाज के लोग ज्यादातर अशिक्षित हैं और वे प्राचीन तरीके से मिटटी के उत्पादों का निर्माण करते हैं जिनकी गुणवत्ता ठीक नहीं होती है Iइस कारण ये उत्पाद राष्ट्रीय स्तर पर नहीं अपनाये जाते हैं I इन शिल्पकारों को आधुनिक प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है I
2. इन उत्पादों की खपत के लिये उचित व्यवस्था का अभाव है I
3. इस उद्योग के लिये कच्चे सामान जैसे उचित मिटटी, बर्तनों को पकाने की व्यवस्था आदि की कमी है I
4. इन उत्पादों के बारे में समाज को जाग्रत करने की आवश्यकता है I लोगों को मिटटी के उत्पादों में बनाये गए भोजन की गुणवत्ता के बारे में लोगों को समझाने की जरुरत है क्योंकि मिटटी के बर्तनों में बनाया गया खाना स्वादिष्ट होने के साथ साथ मिटटी के स्वाभाव के कारण उपयुक्त विटामिन से युक्त होता है I

**श्री एस पी मिश्रा जी** ने सभी सदस्यों को इस प्राचीन शिल्पकला के बारे में जागरूकता फ़ैलाने एवं इसकी महत्ता समझकर प्रचार एवं प्रसार करने के लिये आवाहन किया I सभी सदस्यों ने श्री मिश्राजी की बातों को ध्यान से सुना और इस बारे में और अधिक़ जानकारी प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की I

जो सदस्य इस बारे में और अधिक जानकारी लेना चाहते हैं वे महासंघ के मुख्य कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं I

स्थान मुंबई :

दिनांक : 3 सितम्बर 2023

(सी.ए. मनोज प्रजापत )

(राष्ट्रीय मुख्य महा सचिव )